हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 28 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 21.9 डिग्री
न्यूनतम 5.8 डिग्री

12 गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रमों से छात्रों ने मचाया धमाल



12 पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ गरजे बैंक कर्मचारी




## खबर संक्षेप

### बुलेट का 24,500 का चालान कटा

**मुलाना।** मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक बुलेट चालक का 24,500 रुपये का चालान काटा। युवक अपनी बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाला साइलेंसर, नंबर प्लेट पर रिवाल्वर का प्रतीक तथा प्रेशर हॉर्न लगाकर वाहन चला रहा था। यह न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकता है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी पांवटा हाईवे पर गांव पंजेटों के पास दो बाईकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसी बाइक पर सवार एक अन्य युवक घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव चुहडपुर खुर्द निवासी सूबे सिंह ने सदर जगाधरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 24 जनवरी को रात आठ बजे अपने गांव के ही दीपांशु के साथ बाइक पर घर लौट रहा था।

### 122 ग्राम अफीम मामले में काबू

**अंबाला।** थाना सदर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपी हरमनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक शंभू लाल ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अंबाला_ हिसार हाइवे कट लोहगढ़ के पास से कार सवार आरोपी मादक पदार्थ सहित गुजरेगा।

### हरिसिंह कॉलोनी में युवक ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप थाना क्षेत्र की हरिसिंह कॉलोनी में 22 वर्षीय शुभम पुत्र सुभाष ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता सुभाष ने बताया कि शुभम मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था। इधर, पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम के बाद शुभम का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मंडियों में कच्ची पर्ची व्यवस्था पर हाईकोर्ट की रोक

**करनाल।** हरियाणा की अनाज मंडियों में वर्षों से चली आ रही कच्ची पर्ची व्यवस्था पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के आदेश के बाद प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। अदालत ने व्यवस्था को किसानों के हितों के विपरीत बताते हुए हरियाणा कृषि विभाग को निर्धारित समय में इसे पूरी तरह समाप्त करने के निर्देश दिए। भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम ने अदालत के इस फैसले का स्वागत किया।

## आंधी बारिश से उखड़े सैकड़ों बिजली खंभे, फीडर व ट्रांसफार्मर युद्धस्तर पर करवाए जा रहे ठीक

# रिहायशी इलाकों से 33 व 66 केवी की हाईटेंशन लाइनें हटाएंगे: विज

**लोगों का निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाना सरकार का लक्ष्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में कालोनियां बस गई हैं और उनके ऊपर से यदि 33 केवी या 66 केवी की बिजली की तारें जा रही हैं तो उनको हटाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा गत दिनों आई तेज हवाओं व बारिश के चलते उखडे हुए खंभों व प्रभावित हुए फीडर व ट्रांसफार्मरों को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी तेजली खेल परिसर में आयोजित जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए दी।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मकान के ऊपर से तार जाने के संबंध में यह देखा जाता है कि पहले तार डाली है या पहले मकान बना है। यदि मकान बाद में बना है तो तार हटवाने का एस्टीमेट जमा करवाना पड़ता है। विज ने कहा कि वैसे मैं कहीं पर भी बिजली को रुकने नहीं देता हूं और इस संबंध में मैं खुद इसकी निगरानी रखता हूं।

उर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि गणतंत्र दिवस का पूरे वर्ष इंतजार किया जाता है । क्योंकि यह देश के मान.सम्मान का दिन है और इस दिन 1950 में हमें हमारा संविधान मिला था और इसको बड़ी खुशी के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के सैनिक सीमाओं की रक्षा करने के लिए बड़ी कठिन विपरीत परिस्थितियों में काम करते हैं। आज सुना जा रहा है कि कोई दुर्घटना हो गई है और बहुत सारे हमारे सैनिक शहीद हुए हैं।

उन्होंने कहा कि सैनिकों के प्रति इस देश के लोगों के मन में हमेशा सम्मान रहता है। इसलिए हम सैनिकों को नमन करते हैं। कांग्रेस पार्टी के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब टूटी फूटी पार्टी है और सारे देश से इसका सफाया होता जा रहा है। उन्होंने दावा जताया कि भाजपा ने हरियाणा, दिल्ली व बिहार जीतने के बाद महाराष्ट में बीएमसी के चुनाव जीते हैं और अब बंगाल जीतेंगे।


यमुनानगर। जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज।

### कांग्रेस विदेशी सोच की पार्टी: ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह जीत का कारवां लगातार चलता ही जा रहा है और यह आगे भी चलता ही रहेगा।उन्होंने राहुल गांधी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने को लेकर कहा कि राहुल गांधी यहां पर प्रशिक्षण देने आए हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जानकारी केवल चुनाव हरवाने की है और वह सारे चुनाव हरवाने का ही सभी को प्रशिक्षण देंगे। इसके अलावा राहुल गांधी ने एक बहुत ही गलत बात कही है जिसको हर हिंदुस्तानी को उसकी निंदा करनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे मुगल चले गए, जैसे अंग्रेज चले गए वैसे ही भारतीय जनता पार्टी भी चली जाएगी। उन्होंने कहा कि वह सभी तो विदेशी थे जबकि हम तो देसी हैं और इसी देश में हमारा जन्म हुआ है। इसी देश में हमारी भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि हम इस देश की संस्कृति को आगे लेकर चल रहे हैं। राष्ट्रीय भावना को आगे लेकर चल रहे हैं। जबकि विदेशी तो कांग्रेस है और कांग्रेस का जन्म एक अंग्रेज अधिकारी 1885 में एओ हयूम ने किया था। अगर राहुल गांधी यह कहते हैं कि वह बाहर चले गए तो तुम भी बाहर चले जाओगे और यहां पर केवल भाजपा का ही राज रहेगा।


करनाल। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को मार्गदर्शन देते डॉ. दलीप गोसाईं

## वैज्ञानिक पशुपालन से दुग्ध उत्पादन और किसानों की आय में हो सकती है बढ़ोतरी

**एनडीआरआई में आयोजित प्रशिक्षण में डॉ. दलीप गोसाईं ने किसानों को दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केंद्र व डेयरी प्रशिक्षण केंद्र के अध्यक्ष डॉ. दलीप गोसाईं ने कहा कि दुधारू पशुओं का संतुलित पोषण और वैज्ञानिक प्रबंधन ही दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की कुंजी है।

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के जुब्बल और कोटखाई ब्लॉक से आए किसानों और ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि उन्नत नस्लों और आधुनिक प्रबंधन के माध्यम से पहाड़ी क्षेत्रों में भी दुग्ध उत्पादन को लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने हाल ही में आयोजित पशु मेले का उदाहरण देते हुए बताया कि करन फ्राइज गाय द्वारा 24 घंटे में 71.350 लीटर और जर्सी गाय द्वारा 42 लीटर दूध उत्पादन ने यह सिद्ध कर दिया है कि सही नस्ल और बेहतर प्रबंधन से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

प्रशिक्षण के दौरान मक्का से साइलेंज निर्माण, उन्नत चारा फसलों और स्थायी आय के उपायों पर भी चर्चा की गई। डॉ. गोसाईं ने किसानों को भविष्य में तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर यशपाल, सुनील शर्मा, आशा देवी, शांता देवी सहित अन्य किसान व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## वन विभाग की टीम ने महिंद्रा पिकअप से बरामद किए 29 खैर के पीस

- पुलिस ने एक खैर तस्कर को किया गिरफ्तार, तीन मौके से भागने में हुए कामयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

वन विभाग की टीम ने गांव कोट बसावा सिंह के पास से एक महिंद्रा पिकअप को काबू किया है। जिसमें खैर के 29 पीस भरे हुए थे। पुलिस ने मौके से एक खैर तस्कर को काबू किया है जबकि तीन खैर तस्कर मौके से भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी खैर तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार छछरौली वन रेंज अधिकारी बलजीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सोमवार को सूचना मिली थी कि गांव फतेहगढ़ के पास जंगल से खैर तस्करों द्वारा खैर के पेड़ काटकर चोरी किए गए हैं। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच करने पर उन्हें जंगल से खैर के आठ पेड़ कटे मिले। इसके बाद वन विभाग की टीम ने गांव कोट बसावा सिंह के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद विभाग की टीम को एक महिंद्रा पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने जब महिंद्रा पिकअप को रोकने का इशारा किया तो आरोपी चालक द्वारा उसे तेज गति से भाग लिया। वन विभाग की टीम ने आरोपियों का पीछा शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी गाड़ी को मौके पर छोड़कर वहां से भाग निकले।

## पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल रख किया धरना प्रदर्शन

**हड़ताल से जिला में करोड़ों रुपये का लेन-देन प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर देशभर के बैंक कर्मियों की सभी 9 यूनियनों के संयुक्त मंच यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा मंगलवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया था। इसी क्रम में कुरुक्षेत्र में प्रातः 10 बजे, सैक्टर-13 स्थित पंजाब नैशनल बैंक शाखा एवं भारतीय स्टेट बैंक के आरबीओ के समक्ष एक विशाल संयुक्त प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में कुरुक्षेत्र जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों ने वर्षा व कड़ी ठंड के बावजूद भारी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुरुक्षेत्र जिला में प्राइवेट बैंक छोड़कर सरकारी क्षेत्र के बैंकों की 172 शाखाएं और 178 एटीएम हैं। हड़ताल से कुरुक्षेत्र जिला में करीब 250 करोड़ का बिजनेस प्रभावित होगा। ऑल इंडिया पीएनबी ऑफिसर्स एसोसिएशन के सर्कल सेक्रेटरी कॉमरेड नरोत्तम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2015 में दूसरे एवं चौथे शनिवार को अवकाश घोषित करते समय भारतीय बैंक संघ द्वारा शेष शनिवारों पर भी विचार किए जाने का आश्वासन दिया गया था।


कुरुक्षेत्र। सेक्टर 13 में धरना प्रदर्शन में शामिल बैंक कर्मचारी।

**ये रहे मौजूद**

संयुक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से विनोद अरोड़ा, अजय सभरवाल, सुभाष चंद्र, राजीव शर्मा, संदीप तेजा, अंग्रेज सिंह, विकास जावा, राजेश कुमार, विकास श्योकंद, प्रीतम सिंह, पूजा गंभीर, विजेंदर, सुभाष सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी एवं यूनियन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**पांच दिवसीय बैंकिंग न लागू होना अन्याय**

फरवरी 2023 में पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने के बदले प्रतिदिन कार्य समय 40 मिनट बढ़ाने पर सहमति बनी थी, बावजूद इसके शेष शनिवारों को अवकाश घोषित नहीं किया गया, जो बैंक कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय है। ऑल इंडिया यूनियन बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी कॉमरेड दीपक गर्ग ने बताया कि भारत में भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यालयों, सभी बीमा कंपनियों, सेबी, आईआरडीएआई सहित अन्य वित्तीय नियामक संस्थानों में सप्ताह में पांच दिवसीय कार्य प्रणाली लागू है। इसके अतिरिक्त अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, इंडोनेशिया सहित अनेक देशों में बैंकों में पहले से ही पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू है।

## अंतिम संस्कार के लिए परिजन शवों को लेकर गंदे पानी से गुजरने को मजबूर

- मानवीय संवेदनाएं तार-तार, रामबाग शमशानघाट पर पानी निकासी न होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रदेश के जिस शहर से देश की आजादी के लिए बगावत की पहली चिंगारी फूटी थी पर दुर्भाग्यवश उसी शहर में 77 साल बाद भी शमशानघाट तक शवों को ले जानी वाली मुख्य सड़क पर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हो पाई। ऐतिहासिक नगरी के नाम से पहचान रखने वाले अंबाला शहर के लोगों के इस दर्द को कोई सुनने वाला नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने इस अव्यवस्था पर चिंता जताते हुए सीधेतौर पर राज्य सरकार व नगर निगम के अफसरों को जिम्मेदार ठहराया है। जैन ने कहा कि हल्की सी बरसात में ही रामबाग शमशानघाट की मुख्य सड़क नदी में तब्दील हो जाती है। ऐसे में अगर किसी के परिवार में कोई मौत हो जाए तो उनके लिए शव का अंतिम संस्कार करना ही बड़ी चुनौती बन जाती है।


अंबाला। शमशानघाट के बाहर जमा पानी का दृश्य।

### रामबाग श्मशान बदहाल

जैन ने कहा कि अंबाला शहर के रामबाग श्मशान घाट की बदहाल स्थिति सरकारी दावों पर आंसू बहाती दिख रही है। उन्होंने कहा कि जहां जीवन के अंतिम संस्कार की बात आती है वहां गंदगी, जलभराव और दुर्गंध के बीच लोगों को अपमानजनक हालात का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट की दुर्दशा प्रशासनिक संवेदनहीनता और सरकार की विफलता को निरंतर उजागर कर रही है। श्मशान घाट परिसर में लंबे समय से गंदगी युक्त पानी जमा है। निकासी न होने की वजह से अब यह पानी सड़ने लगा है। इसकी दुर्गंध से हर कोई परेशान है। जैन ने कहा कि इस पानी से आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है, बल्कि अंतिम संस्कार जैसे अत्यंत गंभीर और भावनात्मक कार्य को भी अपमानजनक परिस्थितियों में करना पड़ रहा है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में 23 मामलों पर मंथन, 80 लाख से अधिक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त योगेश मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठक के लंबित 17 मामलों और वर्तमान बैठक के 6 नए एजेंडों पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जानकारी दी गई कि दिसंबर 2025 के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर 34 हजार 796 चालान काटे गए, जिनके माध्यम से 80 लाख 63 हजार 900 रुपये का जुर्माना किया गया। इनमें ओवर स्पीड, बिना हेलमेट, शराब पीकर वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट, गलत दिशा में वाहन चलाने और लाल बत्ती उल्लंघन जैसे मामले शामिल रहे। आरटीए कार्यालय द्वारा दिसंबर माह में 311 चालान काट कर 1 करोड़ 15 लाख से अधिक का जुर्माना किया गया। आईडीटीआर करनाल द्वारा 730 लोगों का प्रशिक्षण पंजीकरण किया गया, जिसमें से 726 ने प्रशिक्षण पूरा किया।


करनाल। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी

### समाधान के दिए निर्देश

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कटों को लेकर अब तक 22 एफआईआर दर्ज होने की जानकारी दी गई। अतिरिक्त उपायुक्त योगेश मेहता ने निसिंग-कैथल रोड पर सफेद पट्टी दुरुस्त करने, मेरठ रोड पर नगला फार्म के पास गति अवरोधक बनाने और विश्वकर्मा चौक पर गड्ढों के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम प्रदीप कुमार, असंध एसडीएम राहुल, घरौंडा एसडीएम राजेश सोनी, जीएम रोडवेज कुलदीप सहित पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरों ने दो घरों से चुराई 50 हजार की नकदी व लाखों के आभूषण

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में चोरों ने रात के समय दो अलग-अलग घरों में घुसकर नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के जवाहर नगर निवासी बबली ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी की रात को खाना खाने के बाद परिवार के सदस्य अपने-अपने कमरे में सो गए थे। सुबह जब वह उठे तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से 50 हजार कैश, दो सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी सोने की बाली, तीन जोड़ी चांदी की पाजेब, चांदी का मंगलसूत्र, एक कमरबंद, दो चांदी के कड़े व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव बलसवा निवासी राजू ने बताया कि चोरों ने 24 जनवरी की रात को उनके घर में घुसकर तीन जोड़ी पाजेब, दो सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी मंगलसूत्र, एक कोका, एक चांदी की अंगूठी, मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया।

### हत्या के प्रयास में चार साल का कारावास

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में अदालत ने एक आरोपी को मुजरिम करार देते हुए चार साल की सजा सुनाई है। मुजरिमों पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। जुर्माने की अदायगी न होने पर मुजरिम के लिए अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। वारदात 30 जनवरी 2022 शाम के समय की है। अंबाला छावनी स्थित मदन का मंदिर के पास आरोपी शुभम व अन्य द्वारा जान से मारने की नीयत से कुंदन पर डंडों व ईंटों से सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट पहुंचाने के मकसद से हमला किया गया था। हमले में कुंदन बुरी तरह जख्मी हुआ। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया था।

## बारिश से सब्जियों और सरसों को नुकसान का अंदेशा

# बर्फबारी से मौसम में घुली ठंड जनजीवन हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी से मैदानी क्षेत्रों में सर्दी का सितम एक बार फिर बढ़ना शुरू हो गया है। आसमान में बादल छाने तथा बूंदाबांदी से एकाएक ठंडक बढ़ गई। मंगलवार को दिनभर रूक-रूककर बारिश का दौर जारी रहा। बारिश व ठंड के चलते जन-जीवन प्रभावित हुआ। कृषि विशेषज्ञ ठंड को गेहूं के लिए फायदेमंद मान रहे हैं, जबकि सब्जियों को नुकसान पहुंच रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान10 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्द हवाओं के झोकों ने दिन में भी ठंड का एहसास कराया। दिन में 14 किलोमीटर प्रति घंटा के हिसाब से हवाएं चलीं। दुकानदार अमन सैनी और नरेश सिंगला ने बताया कि सर्दी जस की तस है। सर्दी के कारण आसपास के गांवों के लोग शहर की ओर कूच करने से कतराते हैं। शाम से ही बाजार वीरान हो जाते हैं। ऐसे में ज्यादातर दुकानदार छह बजे ही दुकानें बंद कर घरों की ओर रवाना हो जाते हैं।


कुरुक्षेत्र। पिपली में एक कॉलोनी में जमा बारिश का पानी।



### गेहूं की फसल को होगा लाभ

किसान जसबीर सिह, जगतार सिंह व सुरेंद्र सिंह का कहना है कि ठंड बढ़ने का सीधा लाभ गेहूं की फसल को होगा। इससे उत्पादन बेहतर व गुणवत्ता युक्त होगी। ठंड बढ़ने से गेहूं की फसल पर रोगों का कहर नहीं बरपता है। हालांकि, गेहूं में चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार बढ़ने शुरू हो गए हैं। कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार इन पर स्प्रे किया जा रहा है।

### तेज बरसात के बाद ठंड और बढ़ी

**तरावड़ी।** तरावड़ी में तेज बरसात के बाद ठंड में और अधिक इजाफा देखने को मिल रहा है। पहले से ही कड़ाके की सर्दी झेल रहे लोग अब लगातार हो रही बरसात के कारण घरों में रहने को मजबूर हो गए हैं। अचानक हुई इस बरसात ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है और सर्दी का असर और भी ज्यादा बढ़ गया है। इस समय तरावड़ी शहर में तेज बरसात जारी है, जिसकी लाइव तस्वीरें सामने आ रही हैं।

पुलिस लाइन मैदान करनाल में नृत्य पेश करती छात्राएं



अनाज मंडी इंद्री में प्रस्तुति देते स्कूली विद्यार्थी



नीलोखेड़ी में राष्ट्रीय ध्वज फहराते विधायक भगवानदास



# भारतीय संविधान ने देश को न्याय, स्वतंत्रता और समानता का मार्ग दिखाया : कल्याण

## जिला स्तरीय समारोह में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली

■ शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी रेशमा कल्याण भी उपस्थित रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 1950 में इसी दिन भारतीय संविधान लागू हुआ था, जिसने देश को न्याय, स्वतंत्रता और समानता का मार्ग दिखाया। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए कहा कि संविधान देश की एकता और अखंडता की नींव है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय, सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महापुरुषों के संघर्ष और त्याग से ही आज भारत एक सशक्त गणराज्य बना है। गणतंत्र दिवस हमें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है।



करनाल। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। फोटो : हरिभूमि

### सीटी स्कैन सुविधा का शुभारंभ

करनाल। श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में भारतवर्ष के 77वें गणतंत्र दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन पारंपरिक उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम संस्थान प्रेरक भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर पीयूष मुनि जी महाराज ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्र धर्म निभाने और देश की सुदृढ़ता के लिए समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का विकास ही व्यक्ति के विकास का आधार है और प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान श्री आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेशमा कल्याण का स्वागत जैन चैरिटेबल अस्पताल की महिला चिकित्सकों द्वारा किया गया। इसी अवसर पर जनसेवा हेतु स्थापित 32 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल व विद्यालय के स्टाफ सदस्य, प्रबंधन समिति तथा श्रद्धालु उपस्थित रहे। लंगर सेवा महेश सुखीजा की ओर से प्रदान की गई।

### श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में किया विस अध्यक्ष ने ध्वजारोहण



### विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने मार्च पास्ट का निरीक्षण किया



नीलोखेड़ी। नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि आज ही के दिन 76 वर्ष पहले सन 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इस अवसर पर, मैं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन करता हूँ। विधायक भगवानदास कबीरपंथी सोमवार को नई अनाज मंडी नीलोखेड़ी में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत उपमंडल वासियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले विधायक ने शहीदी स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। ध्वज फहराने के बाद उन्होंने मार्च पास्ट का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

### विधायक राम कुमार कश्यप ने ली परेड की सलामी



इंद्री। विधायक रामकुमार कश्यप ने अनाज मंडी इंद्री में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि आज ही के दिन 76 वर्ष पहले सन 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए है। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश की प्रगति के इस सफर में हरियाणा का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

## विधायक जगमोहन आनंद ने घरौंडा में फहराया ध्वज

■ शहीदों की बदौलत ही भारत आज एक गणराज्य कहलाता है।

घरौंडा। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हम 77 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं जो सौभाग्य की बात है। आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला है। विधायक ने इस अवसर पर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन किया और कहा कि गणतंत्र दिवस देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। विधायक जगमोहन आनंद आज नई अनाज मंडी घरौंडा में गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत उपमंडल वासियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले विधायक ने शहीदी स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी बदौलत ही भारत आज एक गणराज्य कहलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के तौर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। इसका श्रेय हमारे उन राजनेताओं, कर्मठ किसान-मजदूरों, कारीगरों तथा वैज्ञानिकों को जाता है जिन्होंने दिन-रात एक करके इस देश को विकास की गति प्रदान की। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चहुंमुखी प्रगति कर रहा है।

### खबर संक्षेप

#### शादी समारोह में अभिनेत्री के साथ बदसलूकी

करनाल। करनाल में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री मोनी रॉय के साथ बदसलूकी किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना से जुड़े फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शहर से लेकर देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। आरोप है कि मंच पर परफॉर्मेंस के दौरान कुछ मेहमानों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए अनुचित व्यवहार किया, जिससे अभिनेत्री को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। सामने आए एक फोटो में देखा जा सकता है कि जब मोनी रॉय मंच पर डांस परफॉर्मेंस दे रही थीं, तभी मंच के बिल्कुल पास खड़े एक उम्रदराज व्यक्ति उनके हाथ में गुलाब लिए खड़े नजर आए। मना करने के बावजूद उन पर गुलाब के फूल फेंके गए। एक वीडियो में परफॉर्मेंस के बीच अचानक मोनी रॉय के चेहरे के भाव बदलते दिखाई देते हैं। वह असहज महसूस करती हैं और मिडिल फिंगर दिखाते हुए मंच की एज की ओर बढ़ती हैं, हालांकि बाद में वह लौटकर अपनी परफॉर्मेंस पूरी करती हैं।

#### अशोक नगर में किशोर पर जानलेवा हमला

करनाल। करनाल के अशोक नगर इलाके में दिनदहाड़े हुए झगड़े ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया। रास्ते से गुजर रहे एक किशोर को कुछ युवकों ने पहले धमकाया और बात बढ़ने पर बड़ी संख्या में युवक लाठी-डंडे और गंडासियां लेकर मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इसके बाद पथराव शुरू कर दिया गया। हमले में किशोर को मामूली चोटें आईं। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

#### खाटू श्याम मंदिर के पास गोदाम में आग

करनाल। खाटू श्याम मंदिर के नजदीक रिहायशी इलाके में बने एक गोदाम में सोमवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। गोदाम में कैरी बैग बनाने का काम होता था और अंदर भारी मात्रा में कैरी बैग व प्लास्टिक का सामान रखा हुआ था। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें काफी ऊंची उठती रहीं और पूरे क्षेत्र में काला धुआं फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया।

#### बुजुर्ग कैदी की इलाज के दौरान मौत

करनाल। करनाल जिला जेल में बंद एक बुजुर्ग कैदी की बीमारी के चलते इलाज के दौरान मौत हो गई। कैदी की हालत पिछले कुछ समय से लगातार खराब चल रही थी, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। मृतक की पहचान असंध निवासी 69 वर्षीय रणधीर के रूप में हुई है। वह वर्ष 2000 के एक हत्या मामले में दोषी ठहराया गया था और सजा काट रहा था। बीच में उसे जमानत भी मिली थी, लेकिन पिछले दो वर्षों से वह लगातार करनाल जिला जेल में बंद था।

### गुरु नानक खालसा कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किया मार्च पास्ट



करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज में गणतंत्र दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी अधिकारी डॉ. देवी भूषण के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी और मार्च पास्ट किया। सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और देशप्रेम के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर वित्त सचिव हरसुखजीत सिंह मान, प्रो. प्रीति, डॉ. कृष्ण अरोड़ा, डॉ. दीपक, आदि मौजूद रहे।

### श्री राम वाटिका में फहराया सौ फीट ऊंचा तिरंगा

करनाल। श्री राम वाटिका वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सेक्टर तेरह स्थित पार्क नंबर नौ में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्क में स्थापित सौ फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित नागरिकों ने भारत माता की जय के नारों के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और देश सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्षद आयशा कुमार तथा मनोनीत पार्षद गौरव नागपाल बतौर अतिथि उपस्थित रहे। पुकार वक्त संस्था के बच्चों ने डॉ. कीर्ति गुप्ता के नेतृत्व में देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। एसोसिएशन के प्रधान जतिंद्र सिंगला ने नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और प्रत्येक नागरिक को देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में अमृतपाल सिंह, दीपक गुप्ता, राम निवास गर्ग, मुनीष भार्गव, डॉ. लाजपत राय चौधरी, डॉ. अनूप जैन, आदि मौजूद रहे।



### श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में मनाया गणतंत्र दिवस

तरावड़ी। श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निर्देशक डॉ. राकेश शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्य रवि शर्मा द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराकर किया गया। इसके पश्चात शिक्षक-वृंद व विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान प्रस्तुत कर पूरे परिसर को देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर पूरी तरह देशप्रेम के रंग में रंगा नजर आया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा योग की अनुशासित व आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसकी दर्शकों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। वहीं छात्राओं ने सामूहिक देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य रवि शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने भी देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। डॉ. राकेश शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## जेसीआई करनाल एजाईल ने शहीदों को समर्पित कार्यक्रम में दिखाई देशभक्ति की झलक

विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

जेसीआई करनाल एजाईल एवं भारत माता वैलफेयर सोसाइटी सेक्टर सात की ओर से "एक शाम शहीदों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक की भूमिका राजन सचदेवा ने निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सूचना आयोग के चेयरमैन संजय मदान तथा करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शिरकत की। विशेष अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, पार्षद सुजाता अरोड़ा एवं पार्षद प्रतिनिधि मुकेश अरोड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रत्येक नागरिक को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए कार्य करेगा और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश की आजादी को सुरक्षित रखेगा। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में जेसीआई करनाल एजाईल के प्रधान जेसी हिमांशु कालड़ा सहित सार्थक मित्तल, राजेश ढीगड़ा, विक्रांत गुप्ता, गौरव आहुजा, राजन सचदेवा, वरुण अरोड़ा, हरसिमरन वधवा, अलीप भाटिया तथा भारत माता वैलफेयर सोसाइटी सेक्टर सात के संरक्षक हरीश अग्रवाल, प्रधान रमेश सचदेवा, केपी अग्रवाल, देवेंद्र शर्मा, गुलशन मदान, प्रवीन मेहता, उमेश वधवा, सुभाष चंद्र, दीपक खुल्लर, पुनीत, अभिषेक, संजीव बजाज व सचिन ढल उपस्थित रहे।



करनाल। "एक शाम शहीदों के नाम" आयोजित कार्यक्रम में जेसीआई करनाल एजाईल पदाधिकारी

### देशभक्ति गीत व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

करनाल। केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी एयर विंग एवं एनसीसी आर्मी विंग द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। एनसीसी एयर विंग की सीटीओ डॉ. श्वेता धवन तथा एनसीसी आर्मी विंग की सीटीओ काजल ने प्राचार्या का स्वागत किया। इसके पश्चात प्राचार्या द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देशभक्ति और राष्ट्र हित के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कैडेट सोनम, सलोनी, नेहा, प्राची, लवली, महक, शिखा, गायत्री और शिवानी का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### बैंक खाते से साठ हजार रुपये निकाले

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर सात निवासी कुलदीप खरब पुत्र धर्मबीर सिंह के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से साइबर अपराधियों द्वारा 60602 हजार रुपये निकासी कर ली। वहीं कुलदीप अमेरिका में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। ठगों ने कुलदीप के बंद पड़े भारतीय मोबाइल नंबर और यूपीआई तकनीक का फायदा उठाकर उसके बैंक खाते से नगदी निकाल ली। इधर, पिता धर्मबीर की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक के साथ घिनौनी हरकत, जान पर बन आई

**पानीपत।** पानीपत की एक फैक्टरी में अमन नामक द्वारा मजाक-मजाक में अपने साथी की गुदा में हाई प्रेशर एयर पाइप से हवा भर दी। इससे युवक के पेट में आंत फट गई। पीड़ित युवक फिलहाल करनाल के कल्पना चावला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला कि पीड़ित युवक मूल रूप से शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश का निवासी है और फैक्टरी में बोरे उठाने का कार्य करता है। पुलिस ने अमन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जमानतदारों की संपत्ति कुर्क होगी

**पानीपत।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट एनडीपीएस योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी मक्सूदन सिंह के खिलाफ अदालत ने केस दर्ज करने, व इनके जमानतदारों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए है। दोनों कोर्ट से जमानत पर जेल से रिहा हुए और इसके बाद फरार हो गए। दोनों आरोपी कोर्ट में अपने केस की तारिखों पर पेश नहीं हुए। जज चौधरी ने पुलिस और राजस्व विभाग (तहसीलदार) को अब इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर कोर्ट को रिपोर्ट देने के आदेश दिए है।

### ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में मंगलवार को तेज बारिश हुई। इसके चलते जहां ठंड बढ़ गई, वहीं नागरिक अपने घरों में दुबके रहे। इधर, इसराना क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि से टमाटर, सरसों, मटर और अन्य सब्जियों की फसलों को नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि ओलावृष्टि से टमाटर, सरसों, मटर, बरसीम आदि फसलों का नुकसान हुआ है।

### पानीपत में एक युवक से ढाई लाख ठगे

**पानीपत।** पानीपत के हरिनगर निवासी मयंक चौरसिया को साइबर ठगों ने निवेश पर दोगुना मुनाफा देने का झांसा देकर 248500 रुपये की ठगी कर ली। मयंक की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, मयंक द्वारा दी गई शिकायत में ठगों के विरूद्ध दिए गए 29 यूपीआई ट्रांजैक्शन और स्क्रीनशॉट पुलिस जांच में अहम सबूत साबित होंगे। साइबर थाना पुलिस मामले की तकनीकी जांच कर रही है।

### श्री सनातन धर्म मंदिर में उत्सव मनाया

**पानीपत।** पानीत के मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में ठाकुर जी के जंडिवास एवं मंदिर के वार्षिक उत्सव में भजन रसिक रवि आहूजा ने भजन प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। वहीं, मंदिर की प्रबंधक समिति के प्रधान वार्ड बीस से पार्षद तरुण गांधी, सभी सदस्य व सेवेदार आदि उपस्थित रहे।

### तत्ववेता श्री कृष्ण सदृश सतगुरु का होना अनिवार्य

**पानीपत।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान पानीपत आश्रम में सत्संग समागम में साध्वी रितु भारती कहा कि अपने जीवन संग्राम की प्रत्येक विपरीत परिस्थिति के विरोध में एक मनुष्य तब ही गांडीव उठा सकता है जब उसके भीतर मोह वृत्तियों का नाश हो जाए। इसके लिए तत्ववेता श्री कृष्ण सदृश सतगुरु का होना अनिवार्य है। श्री कृष्ण मायापति होने के कारण माया से सर्वथा निर्लिप्त है।

## गणतंत्र दिवस पर शहीदों को नमन किया

# विकसित होने की राह पर आगे बढ़ रहा प्रदेश : मंत्री कृष्ण लाल पंवार

इसराना में विधायक भड़ाना, समालखा में राई से विधायक कृष्णा ने फहराया तिरंगा



पानीपत। गणतंत्र दिवस पर चौधरी हरपाल को सम्मानित करते हुए मंत्री कृष्ण पंवार।





पानीपत। समाजसेवी शशि सचिन कपूर को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि





पानीपत। सौरव शर्मा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गणतंत्र दिवस पर शिवाजी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने परेड की सलामी ली। इससे पहले मंत्री पंवार ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। जबकि इसराना उपमंडल में विधायक मनमोहन भड़ाना, समालखा राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने तिरंगा फहराया व परेड की सलामी ली। इधर, मंत्री पंवार ने कहा कि उन्होंने कहा कि देश की इस प्रगति में हरियाणा का भी महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक-आर्थिक विकास में प्रदेश ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं में देशसेवा का जज्बा कूट-कूट कर भरा है और आज भारतीय सेना का हर दसवां जवान हरियाणा से है। शहीदों के बलिदान का ऋण चुकाना संभव नहीं, लेकिन उनके परिवारों की देखभाल कर सरकार अपना कर्तव्य निभा रही है। उन्होंने दावा किया हरियाणा, विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। मंत्री पंवार ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं करने वालों को पुरस्कृत किया। जबकि शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया।



पानीपत। मुस्कान भयाना को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। सुरेंद्र मलिक को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### रिफाइनरी में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जबकि केंद्रीय ओद्योगिक सुरक्षा बल, डीजीआर के सुरक्षा गार्ड व डीपीएस पानीपत रिफाइनरी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तथा मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। वहीं, समारोह में पीआरपीसी के कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप) अजय कैला, मुख्य-महाप्रबंधकगण, कमांडेंट (सीआईएसएफ), ऑफिसर्स एसोसिएशन, कर्मचारी यूनियन, आईपीसेवा के प्रतिनिधि तथा आसपास के गांवों के सरपंच एवं गणमान्य लोग ने भाग लिया। जबकि श्री डहरिया ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का महान संविधान पूरे देश में धर्म, क्षेत्र, पंथ और जाति की विभिन्नता के बावजूद अपने सभी नागरिकों के लिए समान न्याय, समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम में पीआरपीसी के कर्मचारी मंटू कुमार, गौरवित कौशिक, मिरांश मलपानी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।





पानीपत। रिफाइनरी में गणतंत्र दिवस पर संबोधन करते हुए कार्यकारी निदेशक एमएल डहरिया। फोटो : हरिभूमि

### मानवता की राह पर चलते हुए 177 ने किया रक्तदान

**पानीपत।** गणतंत्र दिवस पर हैल्पेज ऑर्फन्स ने 23वें रक्तदान महाशिविर का महामंडलेश्वर स्वामी श्री अरुण दास महाराज की अध्यक्षता में आर्य पीजी कॉलेज में आयोजन किया। वहीं, महाशिविर में 177 नागरिकों ने मानवता की राह पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के सहायतार्थ रक्तदान किया। इधर, हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल, उपप्रधान डॉक्टर दीप्ति जैन व चीफ क्रिएटिव अफसर डॉक्टर अनु कालरा ने पानीपत के ब्लड बैंकस में रक्त की काफी कमी चल रही है। इसके मद्देनजर रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया है। जबकि बसहसचिव अर्जुन काठपाल, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी प्राची जैन व चीफ मार्केटिंग अफसर विवेक सचदेवा ने बताया कि मानवता की राह प चलते हुए नागरिकों ने बडी संख्या में रक्तदान किया। डीईओ राकेश बूरा, संजय अग्रवाल, लोकेश नांगरू, अनिल दुआ, मनीष भाटिया आदि ने भी रक्तदाताओं का हौंसला बढाया। जबकि रक्तदान शिविर को सफल बनाने में गोबिंद कालरा, गवीश त्रेहन, युवराज चुघ, अनुराग गंधीर, सनव गांधी, नीतू जैन, नवनीत कौर बाजवा, वर्तिका जैन, स्वाति, आशीष, रितिका, कशिश, टीया, सचिन, वैभव, रेनु, प्रीती ने अपना स्मरणीय योगदान दिया।



पानीपत। महामंडलेश्वर स्वामी अरुण दास, रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए।

### पतंजलि ने गणतंत्र दिवस मनाया



पानीपत। पतंजलि की स्वयं सेविकाएं गणतंत्र दिवस मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** पानीपत के सुखदेव नगर में पतंजलि के स्वयं सेविकाओं ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। वहीं वीरा गोयल ने ध्वजरोहण करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस पर हम सभी को सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक बुराइयों को दूर कर करने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं, देश सबसे पहले है, इसके मद्देनजर भारत को आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए हर नागरिक को स्वदेशी उत्पादों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को पाश्चात संस्कृति का त्याग कर सनातन संस्कृति को अपना चाहिए, तभी युवा वर्ग संस्कारवान व देशभक्त बनेगा। दूसरी ओर, गणतंत्र दिवस पर पतंजलि के स्वयं सेवकों ने देशभक्ति के गीत गाए और राष्ट्र की निष्काम सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारती, मीनू सिंह, स्वीटी, मंजू, रेखा, रचना, चंचल, पूनम, रजनी, निधि, प्रवीण, रेनु, राज, समता, सरोज, अंजलि, ललिता, सुभाष नारंग, शशि कपूर आदि ने नागरिकों को मिठाई बांटी।

### बंधुत्व को अपने जीवन में आत्मसात करें युवा : गुप्ता



समालखा। एलएनटी कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण करते हुए मीनाक्षी गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

**समालखा।** एलएनटी कॉलेज ऑफ एजूकेशन में गणतंत्र दिवस पर मीनाक्षी गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। वहीं, मीनाक्षी गुप्ता ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस की महता की विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों, न्याय स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। दूसरी ओर प्राचार्य डॉ. लोकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व, देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। जबकि विद्यार्थियों ने देशभक्ति से लबरेज सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए और राष्ट्र की एकता, अखंडता, संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश भारद्वाज, डॉ. बलजीत, मनीषा वत्स, डॉ. दर्शन धीमान, सोनिया बंसल, डॉ. सुदेश, सत्यनारायण, प्रदीप, कमल, गोविंद आदि उपस्थित रहे।

### स्वदेशी के बल पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा : प्रो. गुप्ता





पानीपत। गणतंत्र दिवस पर आर्य कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता सम्मान ग्रहण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। वहीं, श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी सोच ही राष्ट्र को प्रगति की दिशा में ले जाती है। विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि स्वदेशी उत्पादों को अपनाए और देशहित को प्राथमिकता दे, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे छात्रों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वदेशी चेतना का विकास करें, ताकि युवा देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि सामाजिक मुद्दों जैसे गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, ग्लोबल वार्मिंग, असमानता आदि के बारे में जागरूक होना चाहिए।

### गणतंत्र दिवस हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव : डॉ. शशि



पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस, एनसीसी, यूथ रेड क्रॉस, शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं, आईबी सोसाइटी के उपप्रधान परमवीर ढींगरा, सचिव रवि गोसाईं, कैशियर रमेश नागपाल, युधिष्ठिर मिगलानी, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान और अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इधर, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव और संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक अनूठा अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान में निहित उच्च मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस अधिकारी डॉ. जोगेश, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी खुशबू, डॉ. सुनीत शर्मा, डॉ. नीलम, डॉ. पूनम मदान, डॉ. निधान सिंह, डॉ. अर्पणा गर्ग, प्रो. पवन कुमार, डॉ. विक्रम कुमार, डॉ. सीमा, प्रो. अजय पाल सिंह, प्रो. कनक शर्मा और डॉ. प्रवीण कुमार सहित कई गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने गणतंत्र दिवस मनाया

**पानीपत।** गणतंत्र दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर में ध्वजारोहण किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश मलिक के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और भारत के संविधान, लोकतंत्र तथा देश की एकता व अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बिजेंद्र कादियान, सचिन कुंडू, बलबीर वाल्मीकि, कंवर सिंह छोकर, खुशीराम जागलान, दीपक खटकड़, प्रियांश मलिक आदि उपस्थित रहे।

### जिला न्यायालय में ध्वजारोहण किया

**पानीपत।** जिला न्यायालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का रंगोली, संगीत और बैंड की धुनों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स और म्यूजिक बैंड के मार्च-पास्ट से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति का प्रदर्शन किया।

### आर्य स्कूल में ध्वजारोहण किया

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। जबकि प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारी स्वतंत्रता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त प्रतीक है। यह पर्व हमें एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से देशभक्ति की भावना अपनाने और शिक्षा को जीवन का मूल आधार बनाने का आह्वान किया।

### गांधीवादियों ने तिरंगा फहराया

**समालखा।** गांधी स्मारक निधि, पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश, गांव पट्टीकल्याणा में गणतंत्र दिवस पर न्यासी हेमलता रावत ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर गांधी स्मारक निधि पट्टीकल्याणा के सचिव आनंद कुमार शरण, किरण शरण, अजय कुमार, डॉ संदीप जैन, सुनीता शर्मा, राजेश, डॉ रुपाली जैन, गिरिराज, संजय पटेल, राजेश, योगेंद्र प्रसाद, प्रसन्न कुमार, सोनू कौशिक, बसंत, राहुल, बिमलेश, मीना, सइदा, सोना और गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बीके ने धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। बीके अंजना बहन संचालिका, सैक्टर-25, हुडा-टू ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुरली के माध्यम से श्रिधि से सिद्धि का संदेश देकर सशक्त भारत के लिए आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रविंद्र नांदल, बलदेव वर्मा, कर्मबीर त्यागी, सत्यप्रकाश पालीवाल, सचिन शर्मा, सुभाष गोयल, उषा गोयल, प्रॉमिला नांदल, शांति, मुनि, रतनी, शालू, , सोनिया, सुभम आदि उपस्थित रहे।

### यज्ञ कर मनाया गणतंत्र दिवस

**पानीपत।** गणतंत्र दिवस पर आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन खैल बाजार में श्रेष्ठ कर्म यज्ञ से समाज के ब्रह्मा बृज किशोर ने देश के शहीदों के नाम कि आहुति डलवाई। इस अवसर पर डीडीपी राजेश चौधरी, वैदिक प्रवक्ता राजकुमार शास्त्री, आर्य समाज के प्रधान राजेश आहूजा, बलराज एलावाधी, कमलेश लीखा, बेला भाटिया, राजेश चौधरी, डा.संदीप अग्रवाल, डा. ललित गर्ग, राकेश शर्मा, यश हुरिया, वीरा गोयल, नीलम वधवा, सुनील बत्रा, अशोक वर्मा, महेंद्र ढींगरा, ललित वर्मा, राजेश आर्य, प्रमोद आर्य, जगदीश सखूजा, पंकज आर्य, विनोद अरोड़ा, राजीव आर्य, शबनम वर्मा, उमा ढींगरा आदि आर्य समाजी उपस्थित रहे।

### जीडी गोयंका में ध्वजारोहण

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर चेयरमैन अतुल जैन ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

## जिलास्तरीय समारोह पुलिस लाइन परिसर में भव्य और शानदार तरीके से आयोजित

# गणतंत्र दिवसः रंगारंग कार्यक्रमों से छात्रों ने मचाया धमाल, उत्साह के साथ मनाया पर्व

■ सांसद रेखा शर्मा ने परेड की सलामी लेकर पुलिस के जवानों के साथ स्कूली छात्रों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला






अंबाला। जिला स्तरीय समारोह में परेड की सलामी व निरीक्षण लेती राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा व समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियां देते छात्र। फोटो : हरिभूमि

77 वां गणतंत्र दिवस पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलास्तरीय समारोह अंबाला शहर स्थित पुलिस लाइन परिसर में भव्य और शानदार तरीके से आयोजित किया गया। समारोह में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। सांसद ने इससे पहले अंबाला शहर पुलिस लाईन स्थित शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी। मुख्यअतिथि ने राष्ट्र प्रेम के प्रतीक स्वरूप एक छोटे बच्चे से आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे छोडक़र समारोह की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर उन्होंने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि 76 वर्ष पहले सन 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इस अवसर पर उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन किया। उन्होंने कहा कि इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं जिन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी बदौलत ही भारत अब एक गणराज्य कहलाता है। देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय, सरदार बल्लभभाई पटेल, डॉ राजेन्द्र प्रसाद जैसे महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों ने कड़ा संघर्ष किया। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के तौर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। इसका श्रेय हमारे उन राजनेताओं, कर्मठ किसान-मजदूरों, कारीगरों तथा वैज्ञानिकों को जाता है जिन्होंने दिन-रात एक करके इस देश को विकास की गति प्रदान की। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चंहुमुखी प्रगति कर रहा है। देश ने मिसाइलें ही नहीं बनाई बल्कि चन्द्रयान, सूर्ययान और मंगलयान जैसे मिशन भी सफलतापूर्वक संचालित किए हैं। भारत चन्द्रमा के दक्षिणी धुव्र पर चंद्रयान 3 उतारने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। देश की प्रगति के इस सफर में प्रदेश का भी महत्वपूर्ण योगदान है। स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रदेशवासियों की याद में अंबाला में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शहीदी स्मारक बनाया जा रहा है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलों में भी हरियाणा प्रदेश ने नई उंचाइयों को छुआ है। प्रदेश के नौजवान सेना में भर्ती होना अपनी शान समझते हैं। भारतीय सेना का हर दसवां जवान हरियाणा प्रदेश से है।



अंबाला। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## संविधान सभा के सदस्यों को किया नमन

# राज्सभा सांसद ने ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

यहां आयोजित उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर राज्सभा सांसद ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दी। अपने भाषण में कहा कि संविधान ने हमें न्याय स्वतंत्रता और समानता जैसे मौलिक अधिकार दिए। इसी संविधान ने भारत की विविधता को एकता में बांधने का काम कियाए और इसी संविधान ने अलग.अलग पहचान के बावजूद हमें एक भारतए श्रेष्ठ भारत के रूप में जोड़कर रखा। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर और संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन किया व सभी स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

कहा कि महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ राजेंद्र प्रसाद आदि इन महापुरुषों ने देश को आजादी दिलाने के लिए कठिन संघर्ष किया। आजादी के बाद से ही भारत ने स्वयं को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। इसमें किसानों, मजदूरों, कारीगरों, सैनिकों और वैज्ञानिकों की बराबर की भूमिका रही। इन्हीं सबके परिश्रम से भारत ने विकास की रफ्तार पकड़ी। इस दौरान भाजपा सरकार के द्वारा किए जा रहे जन कल्याण के कार्यो और योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने वतन पर कुर्बान होने वाले शहीद सैनिकों और आजादी की लड़ाई में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को नमन किया व सम्मानित किया। भजन कौर, बंसो देवी, मेल कौर , सुरजीत कौर , सरदारी देवी , अंजलि , हरलीन कौर को सम्मानित किया।

## नारायणगढ़ अनाज मंडी में उत्साह के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

# छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य से मचाया धमाल

■ कुरुक्षेत्र जिप अध्यक्ष कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। परेड की सलामी लेती मुख्यअतिथि। फोटो : हरिभूमि

77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपमंडल स्तर का भव्य समारोह अनाज मंडी नारायणगढ़ में देशभक्ति, उत्साह और अनुशासन के वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में कुरुक्षेत्र जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। पुलिस बल तथा विभिन्न विद्यालयों की एनसीसी टुकडिय़ों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इससे पूर्व समारोह स्थल पर मुख्य अतिथि के पहुचंने पर एसडीएम शिवजीत भारती, डीएसपी सूरज चावला, नायब तहसीलदार सुनील, बीडीपीओ जोगेश कुमार, नपा अध्यक्ष रिंकी वालिया, नंबरदार सुरेश पाल, भाजपा जिला सचिव संदीप सैनी अंबली, नपा उपाध्यक्ष आइना गुप्ता, जसविंद्र सिंह बख्तुआ, मार्केट कमेटी चेयरमैन गोपाल मितल सहित गणमान्य व्यक्तियों ने फूलों के गुलदस्ते देकर स्वागत किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई जिसमें छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य, देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# देश की आजादी में अंबाला की अहम भूमिका

■ उपमंडल स्तरीय समारोह में मंडल आयुक्त ने ध्वजारोहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। शानदार गुजराती नृत्य पेश करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते व खुली जीप में समारोह का निरीक्षण करते मंडल आयुक्त संजीव वर्मा।

77 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य और शानदार तरीके से आयोजन किया गया। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली।

इसके बाद उन्होंने उपमंडल वासियों के नाम अपना शुभ संदेश दिया। मंडल आयुक्त ने इससे पहले एसडी कॉलेज स्थित शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा इसके उपरांत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित भी किए। इससे पहले एसडी कॉलेज एनसीसी के विद्यार्थियों द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। वर्मा ने 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी।

### शहीदों को किया नमन

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वे स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को भी नमन करते हैं। जिनके बलिदानों से हमें गणतंत्र दिवस मनाने का यह गौरवशाली अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 26 जनवनी 1950 को लागू हुए इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना।

### महापुरुषों को किया याद

उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह कहते हुए गर्व है कि हरियाणा ने भी देश के सामाजिक-आर्थिक विकास को नए आयाम प्रदान किए हैं। स्वतंत्राता आंदोलन में अंबाला ने भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

## खबर संक्षेप

### वांछित आरोपित को किया गिरफ्तार

**मुलाना।** थाना मुलाना में दर्ज मामले में के पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस चौकी कलालटी प्रभारी विश्वबंधु ने बताया कि धारा 191(3), 190, 115, 126, 351(2), 110 बीएनएस के अंतर्गत वांछित आरोपी रितिक वासी कलालटी को 27 जनवरी 2026 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी घटना के बाद से ही गिरफ्तारी के डर से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। विश्वबंधू का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### 24 किलो 952 ग्राम चूरापोस्त समेत काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मादक पदार्थ तस्करी मामले में पुलिस ने सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी अवतार सिंह को 24 किलो 952 ग्राम चूरापोस्त व कैंटर सहित गिरफ्तार किया है। उसे 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-नारायणगढ़ प्रभारी उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि हिसार_ अंबाला हाईवे पर गांव जनसुई के पास से कैंटर सवार आरोपी भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर गुजरेगा। सूचना के बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर गाड़ी से 24 किलो 952 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।

## मांग पूरी न होने पर दी व्यापक आंदोलन की चेतावनी

# पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ गरजे बैंक कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर मंगलवार को देशभर में बैंक कर्मचारियों ने अपनी मुख्य मांग 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह सहित अन्य लंबित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय हड़ताल की। इसी क्रम में अंबाला शहर स्थित मॉडल टाउन पीएनबी शाखा के सामने बैंक कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण एवं अनुशासित प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।अंबाला यूएफबीयू की ओर से विकास मल्होत्रा, अमी चंद, ललित बगन, विशाल कुमार, उदित जैन सहित अन्य साथियों ने प्रदर्शन को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह बैंक कर्मचारियों की सबसे प्रमुख एवं केंद्रीय मांग है। यह मांग कर्मचारियों के कार्य-जीवन संतुलन, मानसिक स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता से सीधे जुड़ी हुई है। स्पष्ट किया कि 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का विषय आईबीए के साथ हुए 12वें द्विपक्षीय समझौते में अंतिम रूप ले चुका है।

### डेढ़ माह की बच्ची को लेकर फरार पिता

**अंबाला।** अंबाला छावनी के सुंदर नगर से एक पिता अपनी डेढ़ माह की मासूम बच्ची को जबरन लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने मां की शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। यहां की रहने वाली मुस्कान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2023 में रामबाग रोड के मोहम्मद कैफ के साथ हुई थी। मुस्कान का आरोप है कि उसका पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। प्रताड़ना से तंग आकर वह अपनी डेढ़ माह की बेटी के साथ अपने मायके आई हुई थी। मुस्कान ने बताया कि बीते रोज उसका पति मोहम्मद कैफ अचानक उसके मायके पहुंचा और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## स्वामी कमलानंद गिरि ने श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। प्रवचन करते महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज एवं उपस्थित श्रद्धालु।

शहर के श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित भगवद्गीता एवं श्रीमद् भागवत प्रवचन कार्यक्रम के सातवें दिन श्री कल्याण कमल आश्रम, हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने गीता के माध्यम से जीवन के गूढ़ सत्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संसार में दो प्रकार के व्यक्ति होते हैं भौतिकवादी और अध्यात्मवादी। उन्होंने रामायण के पात्र कैकेई और भरत का उदाहरण देते हुए कहा कि भौतिकवादी व्यक्ति सत्ता और संपत्ति के लिए भगवान को भी त्याग देता है, जबकि अध्यात्मवादी भरत की तरह मां और राज्य का त्याग कर भी परमात्मा की शरण में जाता है। उन्होंने कहा कि संपत्ति से केवल अहंकार मिलता है, जबकि परमात्मा से शांति, संतोष और पूर्णता की प्राप्ति होती है। महाभारत के युद्ध प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को पहले रथ से उतरने को कहा। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्गदर्शक है।

## शादी में लिया एक चांदी का सिक्का व नारियल

# सौरव ने बिना दहेज के शादी कर समाज को सशक्त दिया संदेश

**मुलाना।** गांव पपलोथा और करनाल के मोहड़ी जागीर गांव के बीच हुआ एक विवाह की खूब चर्चा हो रही है। पपलोथा के पूर्व सरपंच रामपाल के पुत्र सौरव ने बिना दहेज के शादी कर समाज को एक सशक्त संदेश दिया है। संपन्न बिजनेसमैन परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद, सौरव ने शगुन के रूप में केवल एक नारियल और एक चांदी का सिक्का स्वीकार कर अपनी जीवनसंगिनी साक्षी का हाथ थामा यह इस परिवार का पहला मौका नहीं है। सौरव के चाचा सुखबीर सिंह ने बताया कि उनके परिवार की यह तीसरी शादी है जो बिना दहेज के संपन्न हुई है। उन्होंने कहा, ्रहमारे परिवार में बच्चों को शुरू से यही सिखाया जाता है कि विवाह दो परिवारों का मिलन है न कि व्यापार। हमने संकल्प लिया है कि जब भी घर के बेटों की शादी करेंगे।

### प्रेरणा बना

दहेज के दानव के कारण कई घर बर्बाद हो रहे हैं। बेटियों के माता-पिता कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं, वहीं पपलोथा के इस परिवार ने साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति हो तो समाज बदला जा सकता है। यह विवाह उन लोगों के लिए एक सीख है जो शानो-शौकत के नाम पर फिजूलखर्ची और दहेज को बढ़ावा देते हैं।

## राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण प्राधिकारी भी नियुक्तः अजय सिंह तोमर

# मतदाता सूचियों को लेकर दावे, आपत्तियां लेने के लिए मतदाता सूचना केंद्र स्थापित

समय रहते मतदाता सूचना एवं सग्रह केंद्र पर पहुंच कर दावे व आपत्तियां दर्ज करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर निगम के चुनाव को लेकर वार्ड वाइज मतदाता सूचियों के तहत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतू मतदाता सूचना एवं सग्रह केंद्र (वीआईसीसी) स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इन केंद्रों पर प्राप्त होने वाले दावों व आपत्तियों का निपटारा संशोधित प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार तथा हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर दावे व आपत्तियां प्राप्त करने के लिए सुपरवाइजर व सहायक अधिकारियों की अस्थायी तौर पर नियुक्ति की गई है। ताकि इस संबंध में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र के पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदाता सूचियों की जांच कर समय रहते मतदाता सूचना एवं सग्रह केंद्र पर पहुंच कर दावे व आपत्तियां दर्ज करवाएं ताकि सूचियों को त्रुटि रहित अपडेट किया जा सके।

### इन जगह स्थापित किए केंद्र

मतदाता सूचना एवं सग्रह केंद्र (वीआईसीसी) अंबाला शहर में कई जगह स्थापित किए गए हैं। राजकीय मीडिल स्कूल देवी नगर, रा वमावि सुल्तानपुर, धूलकोट पॉवर स्टेशन, राजकीय कवमावि बलदेव नगर, वीटा मिल्क प्लांट, नगर निगम कार्यालय, कस्तूरबा गांधी स्कूल नाहन हाउस नजदीक 4 नंबर चौकी, डीएवी गर्ल्स स्कूल काजीवाड़ा, एसए जैन वमावि , जीआरएसडी स्कूल घेल रोड, रा स्कूल कलाल माजरी, कम्यूनिटी सेंटर सैक्टर 1, रा प्राइमरी स्कूल जंडली, रा वमावि प्रेरम नगर, एसवी मिडल स्कूल मोती नगर, रा मिडल स्कूल नसीरपुर, उपायुक्त कार्यालय, सामुदायिक भवन सेक्टर-8, राजकीय मिडल स्कूल जंडली व सूर्या स्कूल जलबेड़ा रोड पर भी केंद्र स्थापित किया गया है।

### पुनर्निक्षण प्राधिकारी भी नियुक्त

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत मतदाता सूचि के लिए पुनर्निक्षण प्राधिकारी एवं सहायक पुनर्निक्षण अधिकाररी नियुक्त किए गए है। वार्ड नंबर 1 से 5 तक के लिए रिवाइजिंग ऑथॉरिटी के लिए सीईओ जिला परिषद् गगनदीप व सहायक रिवाइजिंग ऑथॉरिटी के लिए डिप्टी सीईओ राजन सिंगला नियुक्त किए गए हैं। इस प्रकार वार्ड नंबर 6 से 10 तक रिवाइजिंग ऑथॉरिटी के तौर पर आरटीए सुशील कुमार व सहायक रिवाइजिंग ऑथॉरिटी के लिए बीडीपीओ-2 अश्वनी कुमार को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 11 से 15 तक के लिए रिवाइजिंग ऑथॉरिटी के तौर पर स्पेशल सेनिटेशन अधिकारी नगर निगम प्रतीक हुड्डा व सहायक रिवाइजिंग ऑथॉरिटी के लिए अतिरिक्त नगर आयुक्त दीपक सूरा को नियुक्त किया गया है।